**Growth From Grassroots द्वारा आयोजित अन्वेषण कार्यशाला में माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया के संबोधन का प्रारूप**

| दिनांक : 23 जुलाई 2024, मंगलवार | समय : | स्थान : तिंगखांग, डिब्रूगढ़ |
| --- | --- | --- |

नमस्कार !

1. आज यहां **"अन्वेषण कार्यशाला"** के समापन समारोह में आप सभी के बीच उपस्थित होकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। वास्तव में यह मेरे लिए इस कार्यशाला में भाग ले रही युवा शक्ति को राष्ट्र और समाज के विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करने का अवसर है। मुझे यह अवसर प्रदान करने के लिए मैं राज्य के **माननीय मंत्री श्री विमल बोरा** और **"ग्रोथ फ्रोम ग्रासरूट्स" ट्रस्ट** को हार्दिक धन्यवाद देता हूं।
2. सबसे पहले मैं **ग्रोथ फ्रॉम ग्रासरूट्स** के प्रत्येक सदस्य को 12 दिनों तक चले **'अन्वेषण कार्यशाला'** के सफलतापूर्वक संचालन के लिए बधाई देता हूं।

मैं असम सरकार के माननीय मंत्री श्री बिमल बोरा को भी इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई देता हूं। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि उन्होंने **'तिंगखांग एमएलए शिक्षा समिति'** के साथ मिलकर इस कार्यशाला को सफलतापूर्वक आयोजित करने में सराहनीय सहयोग दिया है।

मैं इस कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भी हार्दिक बधाई देता हूं। आपने इस कार्यशाला में भाग लेकर अपनी गर्मी की छुट्टियों का समझदारी से उपयोग किया है। मुझे विश्वास है कि इस कार्यशाला के माध्यम से आपको कुछ नया और रचनात्मक चीजें सीखने और समझने का मौका मिला है।

3. मेरे प्रिय विद्यार्थियो,

समय दुनिया की सबसे कीमती और बलवान चीज है। यह बीत जाने के बाद कभी वापस लौटकर आपके पास नहीं आती है।

यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि हम समय का उपयोग कैसे करते हैं। अगर आप इसका सदुपयोग करते हैं तो यह आपके जीवन से जुड़े सभी घाव को भर देगा और आपको मनचाही सफलता प्रदान करेगा। इसलिए जीवन में कभी भी समय का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। समय का सही प्रबंधन आपको प्रगति की राह पर ले जाता है।

जो लोग समय को महत्व और प्राथमिकता देते हैं वे अधिक संगठित और पूर्ण जीवन जीते हैं, लेकिन जो लोग समय की कद्र नहीं करते, बेकार की चीजों में अपना समय गंवाते हैं, उनका जीवन अराजकता और परेशानियों से भरा रहता है।

4. मुझे खुशी है कि आपने गर्मियों की छुट्टियों के दौरान इस कार्यशाला के माध्यम से कुछ नया सीखने और ज्ञान अर्जित करने का निर्णय लिया है। भविष्य में आपको इसका लाभ अवश्य मिलेगा, यह मेरा विश्वास है।

5. मुझे खुशी है कि माननीय मंत्री और तिंगखांग क्षेत्र से विधायक श्री बिमल बोरा ने इस कार्यशाला के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मैं उनके इस योगदान के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूं।

मैंने जितना उन्हें जाना और समझा है, मैं समझता हूं कि वे हमेशा समाज और लोगों की सेवा में तत्पर रहने वाले व्यक्ति हैं। वे जमिनी स्तर से लोगों से जुड़े हुए हैं। वे अपने क्षेत्र तिंगखांग के विकास और शिक्षा सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मुझे यह जानकर खुशी हुई कि 2017-18 और 2018-19 के वित्तीय वर्षों के दौरान, जब वह विधायक थे, तब उन्होंने अपनी विधायक निधि का उपयोग क्षेत्र के स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार में किया। उन्होंने एमपीएलएडी (MPLAD) और 14वें वित्त आयोग से भी धनराशि लेकर क्षेत्र के 200 से अधिक स्कूलों के बुनियादी ढांचे के सुधार किया।

अभी हाल ही में उन्होंने बाढ़ के दौरान प्रभावित लोगों की मदद करने तथा उनकी कुशलता सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात काम किया। समाज के विकास के लिए उनके पहलों और योगदान उनके एक अच्छे और समर्पित नेता होने का प्रमाण है। मैं उन्हें उनकी भविष्य की सभी पहलों के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

6. मुझे यह भी बताया गया है कि **ग्रोथ फ्रॉम ग्रासरूट्स** एक अपेक्षाकृत नया ट्रस्ट है। हालांकि, कुछ ही महीने पहले स्थापना के बाद से ट्रस्ट युवाओं को उनकी शिक्षा में सहयोग, कौशल विकास, महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ-साथ युवाओं को रोजगार और आजीविका क अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

7. बहुत ही कम समय में इसने कुछ अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं।

इसका पहला कार्यक्रम **“A Day of Courage and Achievement -From Dreams to Reality”** काफी सफल रहा। इसमें विश्व स्तर पर प्रशंसित नेतृत्व गुरु श्री शिव खेड़ा मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता थे। इसमें 10,000 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को अपने संभावित कैरियर के लिए मानसिक रूप से तैयार करने और अपनी क्षमता का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

8. ट्रस्ट का **कैस्टर पौधरोपण अभियान** (Castor Plantation Drive) भी प्रशंसनीय है। मुझे बताया गया कि इस कायर्क्रम के तहत ट्रस्ट ने खोवांगबेटोनी और अघुनिबारी के तटीय बांध के किनारे लगभग 25 किलोमीटर तक कैस्टर (Castor plant) के पौधे लगाए गए।

कैस्टर के पौधे रेशम के कीड़ों के लिए एक प्राकृतिक भोजन है। हम सभी जानते हैं कि रेशम के कीड़ों से एरी रेशम का उत्पादन होता। यह अभियान निश्चित रूप से रेशम उत्पादन को बढ़ावा देगा। साथ उन सभी लोगों की आजीविका को बढ़ाएगा, जो रेशम उत्पादन और एरी रेशम बनाने के शिल्प से जुड़े हुए हैं।

असम के पारंपरिक रेशम कृषि उद्योग को संरक्षित करने के साथ-साथ यह वृक्षारोपण अभियान निश्चित रूप से प्रकृति का संरक्षण और नदी तटों को मजबूत करके कटाव को रोकना में सहायक होगा।

9. और अब आप सभी **"अन्वेषण कार्यशाला"** की सफलता और इसके लाभ के साक्षी हैं। मुझे बताया गया है कि यह कार्यशाला सात (7) अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया गया, जहां 2000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

मुझे यह जानकर खुशी हुई कि 12 दिनों तक चले इस कार्यशाला में प्रतिभागियों की उपस्थिति 100 प्रतिशत रही, जो कि आयोजकों के लिए बड़ी उपलब्धि है। निश्चित रूप से यह एक बेहद उच्च मानक स्थापित करती है, जिसे संगठन को भविष्य में जारी रखना होगा। मैं इसके लिए आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं और कामना करता हूं कि आप अपने भविष्य के सभी उद्‍यमों और पहलों में सफल होते रहें।

10. मित्रो,

भारत एक युवा राष्ट्र है और आज हमारे पास विश्व की सर्वाधिक युवा शक्ति है। किसी भी राष्ट्र की सामाजिक-आर्थिक तथा सांस्कृतिक उन्नति में युवाओं की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए हमें देश की युवा शक्ति का उचित रूप से प्रबंधन करना आवश्यक है।

11. एक जीवंत और विकसित असम बनाने की दृष्टि से युवाओं को तकनीकी शिक्षा, कौशल और प्रशिक्षण देकर उन्हें प्रोत्साहित करना होगा, उनमें आत्मविश्वास जगाना होगा। हमें युवाओं को राष्ट्रीय भावना से प्रेरित करने के लिए भी काम करना होगा, तभी हम युवा शक्ति को विकसित भारत बनाने की दिशा में आगे बढ़ाने में सफल होंगे।

12. मेरे प्रिय विद्यार्थियो,

मैं आप सभी से कहना चाहता हूं कि बीता हुआ समय वापस नहीं लाया सकता, लेकिन एक चीज जो आपके साथ हमेशा रहेगी, वह है आपका ज्ञान और आपका अनुभव।

आपने यहां जो कौशल और ज्ञान अर्जित किया है, वह आपके जीवन में निरंतर काम आएगा। आप अपने ज्ञान के सदुपयोग के लिए प्रयासरत रहें। आप समाज की सेवा करें और दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव डालने के प्रयास करें।

13. आप देश का भविष्य हैं। राष्ट्र और समाज के विकास में आपकी भागीदारी आवश्यक है। भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए आपको सशक्त और सक्षम बनना होगा। इसके लिए आपको निश्चित रूप से लगातार अपने आपको उन्नत और अपडेट (update) रखने की आवश्यकता है। मैं आपके उज्जव भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

14. मैं उन सभी माता-पिता और अभिभावकों को भी धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने अपने बच्चों को नियमित रूप से अन्वेषण कार्यशाला में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। मैं आपके बच्चों की बेहतरी के प्रति आपके समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं।

15. मैं पुनः माननीय मंत्री श्री विमल बोरा जी, **ग्रोथ फ्रॉम ग्रासरूट्स** और **'तिंगखांग एमएलए शिक्षा समिति'** को इस अन्वेषण कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई देता हूं।

आप सभी को आपके भविष्य के पहलों और कार्यों के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

धन्यवाद!

जय हिन्द!